e-mail:-astha.itawa@gmail.com
कार्यालय प्राचार्य
Ph.: 98284-66262, 94131-28104

# आस्था महाविद्यालय, इटावा

पीपल्दा रोड़, इटावा, जिला–कोटा (राज.)

क्रमांकः–

दिनांक: 27 जनवरी 2026

## सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 29 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक महाविद्यालय सभागार में किया जाएगा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन, सुरक्षा उपाय और आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया के बारे में जागरूक करना है। इस दौरान व्याख्यान, अभ्यास सत्र और समूह गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

सभी विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे पूरे तीन दिनों में सक्रिय रूप से भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

**कार्यक्रम विवरण:**

- दिनांक: 29-31 जनवरी 2026
- समय: प्रातः 11.00 बजे
- स्थान: महाविद्यालय सभागार

PRINCIPAL
ASTHA MAHAVIDYALAYA
ITAWA KOTA (RAJ.)

आदेशानुसार
डॉ. कमलेश दायमा
प्राचार्य
आस्था महाविद्यालय, इटावा

# “आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम”

दिनांक: 29-31जनवरी,2026

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में महाविद्यालय सभागार में दिनांक 29 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक तीन दिवसीय “आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम” का अत्यंत प्रभावशाली एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को आपदा की स्थिति में सतर्कता, सुरक्षा उपायों, प्राथमिक उपचार तथा त्वरित एवं जिम्मेदार प्रतिक्रिया के लिए प्रशिक्षित और जागरूक बनाना था। पूरे आयोजन में सहभागिता आधारित शिक्षण पद्धति अपनाई गई, जिससे विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हुई।

प्रथम दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. कमलेश दायमा ने उद्घाटन संबोधन में प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं के प्रकार, उनके कारण, प्रभाव तथा रोकथाम के व्यावहारिक उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक के रूप में अपनी भूमिका समझने और संकट के समय संयमित व्यवहार अपनाने का संदेश दिया। इसके उपरांत आपदा प्रबंधन विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी जानकारी और समझ का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन अंगराज सुमन द्वारा प्रभावी एवं प्रेरक शैली में किया गया।

द्वितीय दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य दृश्य माध्यम से जनजागरूकता के संदेश को सशक्त रूप से प्रस्तुत करना था। विद्यार्थियों ने भूकंप, बाढ़, अग्निकांड, दुर्घटना बचाव, प्राथमिक उपचार और सामुदायिक सहयोग जैसे विषयों पर रचनात्मक एवं संदेशप्रधान पोस्टर तैयार किए। निर्णायक मंडल एवं उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और सामाजिक संवेदनशीलता की सराहना की। इस गतिविधि ने विद्यार्थियों में टीमवर्क, कल्पनाशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया।

तृतीय दिवस पर “आपदा प्रबंधन में AI की भूमिका” विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक, पूर्व चेतावनी प्रणाली, डेटा विश्लेषण और राहत कार्यों में AI के उपयोग पर विचार प्रस्तुत किए। समापन सत्र में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। संयोजक डॉ. मोहम्मद उस्मान एवं सहायक आचार्य अंगराज सुमन ने अपने संबोधन में कहा कि सीखी गई जानकारी को समाज तक पहुँचाना ही इस कार्यक्रम की वास्तविक सफलता है।

कार्यक्रम के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों में आपदा प्रबंधन संबंधी ज्ञान, व्यावहारिक समझ, नेतृत्व क्षमता तथा त्वरित निर्णय कौशल का विकास हुआ। छात्रों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता और सामुदायिक सहयोग की भावना सुदृढ़ हुई। समग्र रूप से यह कार्यक्रम ज्ञानवर्धक, सहभागितापूर्ण और अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ।



दैनिक भास्कर सांगोद-इटावा-सुल्तानपुर 30-01-2026

## आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ

इटावा| आस्था महाविद्यालय इटावा में तीन दिवसीय आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉक्टर कमलेश दायमा ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। उन्होंने प्राकृतिक और मानव जनित आपदाओं के कारणों और उनके प्रभावों को विस्तार से समझाते हुए इन से बचाव और प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर मोहम्मद उस्मान ने जानकारी दी कि इस तीन दिवसीय आयोजन का उद्देश्य छात्रों और समाज के बीच आपदा प्रबंधन के महत्व को उजागर करना और उनमें आपदा प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं को विकसित करना है। संचालन अंगराज सुमन ने किया। कार्यक्रम में पहले दिन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा दूसरे व तीसरे दिन क्रमशः निबंध प्रतियोगिता तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन होगा। डॉक्टर कंचन भोला, हसन अब्बास पठान, श्याम बिहारी नायक, भरत सलवाडिया, दिनेश खल्मानिया उपस्थित रहे।

*महाविद्यालय में तीन दिवसीय आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ विशेषज्ञों के व्याख्यान और प्रदर्शन के साथ हुआ।*



दैनिक भास्कर सांगोद-इटावा-सुल्तानपुर 31-01-2026

## आपदा प्रबंधन जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता हुई

इटावा| आस्था महाविद्यालय इटावा में तीन दिवसीय आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को पोस्टर प्रतियोगिता हुई।

कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर मोहम्मद उस्मान ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों और समाज के बीच आपदा प्रबंधन के महत्व को समझना व जागरूकता फैलाना है। अंगराज सुमन ने सक्रिय भागीदारी निभाए हुए अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों को पोस्टर बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हसन अब्बास पठान, श्याम बिहारी नायक, हरिओम आर्य, भरत सलवादिया, दिनेश खल्मानिया, मनमोहन मीणा उपस्थित रहे।

*स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित 'आओ जागरूक बनाएं कार्यक्रम' में विद्यार्थियों ने पोस्टर और चित्रों के माध्यम से सामाजिक एवं पर्यावरणीय संदेश प्रस्तत किए*



दैनिक भास्कर सांगोद-इटावा-सुल्तानपुर 01-02-2026

## आपदा प्रबंधन को लेकर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया


इटावा| आस्था महाविद्यालय इटावा में चल रही तीन दिवसीय आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम के अंतिम दिन आपदा प्रबंधन में एआई की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई।

कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर मोहम्मद उस्मान ने बताया कि कार्यक्रम में प्रथम दिन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, दूसरे दिन पोस्टर प्रतियोगिता व अंतिम दिन निबंध प्रतियोगिता हुई। सभी प्रतियोगिताओं में विजेता ग्रुप एवं विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। भूगोल के सहायक आचार्य अंगराज सुमन ने कार्यक्रम का संचालन किया, विद्यार्थियों को संदेश दिया कि हमने आपदाओं से बचाव के बारे में जो कुछ भी इस कार्यक्रम के माध्यम से सीखा है उसे लोगो तक पहुंचाना ही हम सब का उद्देश्य है। हसन अब्बास पठान, श्याम बिहारी नायक, हरिओम आर्य, डॉ. दीनदयाल वर्मा, भरत सलवादिया, दिनेश खल्मानिया, मीठालाल मीणा, सुरेंद्र नागर, महेंद्र नागर मनमोहन मीणा उपस्थित रहे।

*स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को आगजनी, बाढ़, भूकंप और प्राथमिक उपचार जैसे विषयों पर जानकारी दी गई।*




*आओ जागरूक बनाएं कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पोस्टर और चित्रों के माध्यम से सामाजिक एवं पर्यावरणीय संदेश प्रस्तुत किए*




*विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को सृजनात्मक रूप से प्रस्तुत किया।"*




*आपदा प्रबंधन विषयक निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट लेखन प्रस्तुत कर जागरूकता को बढ़ावा दिया*

(29)

# ASTHA MAHAVIDHYALAYA, ITAWA

PIPALDA ROAD, ITAWA, KOTA (RAJ.) 325004

Affiliated to Kota University, Kota)

NAME OF THE PROGRAM: - आपदा प्रबंधन एवं जागरूकता कार्यक्रम

## ATTENDANCE LIST

Date: 30/01/2026

| Sr.no. | Name of Students | Class | Signature |
|---|---|---|---|
| 1 | Ritika Suman | B.A. Ist Sem | Ritika Sumari |
| 2 | पलक कुमारी | B.A. Sem - Ist | पलक कुमारी |
| 3 | प्रिया पंकज | B.A. Bed III Sa | प्रिया पंकज |
| 4 | भावना राठौर | B.A. B.Ed Ist Sem | Bhavna Rathor |
| 5 | निहारिका नागर | BA. BEd Sem I | Niharika Nagar |
| 6 | रितिका वर्मा | BSc-Bed sem I | रितिका वर्मा |
| 7 | कुसुम बैरवा | BSc. Sem-V | कुसुम |
| 8 | Harshit-Sain | Ba Bed Sem Ist | Harshit |
| 9 | दिलीप कुमार | B.Sc. Bed Sem-V | दिलीप |
| 10 | Nisha Arya | B.A Sem III | Nisha |
| 11 | Namrata Meena | B.A Sem III | Namrata |
| 12 | Aarti Meena | B-A Sem I | Aarti Meena |
| 13 | ऋषभ नायक | B.A | ऋषभ नायक |
| 14 | Himanshu Rathor | B.A. I Sem | Himanshu |
| 15 | जीतू कुमार | B.A III Sem | जीतू कुमार |
| 16 | रवि प्रकाश बैरवा | B.A III year | रवि प्रकाश |
| 17 | विकास बैरवा | B.A. III SEM | विकास बैरवा |
| 18 | आयुष सुमन | B.A I Sem | आयुष सुमन |
| 19 | सियाराम बैरवा | B.A I sem | सियाराम बैरवा |
| 20 | महेश कुमार केवट | B.A III Sem | महेश कुमार केवट |
| 21 | Bharti Arya | B.A. III Sem | भारती आर्य |
| 22 | हेमलता मीणा | B.A III Sem | हेमलता |
| 23 | मोना पोटर | B.A III Sem | मोना पोटर |
| 24 | प्रवीण बैरवा | BSc. III Sem | प्रवीण बैरवा |
| 25 | अजय नायक | BSc III Sem | अजय नायक |
| 26 | Siddharth Meena | BSc. Bed IIIrd Sem | Siddharth Meena |
| 27 | Kunal Gaur | B.Sc. Bed IIIrd Sem | Kunal |

Principal
Astha Mahavidhyalaya
Itawa Kota (Raj.)

# ASTHA MAHAVIDHYALAYA, ITAWA

PIPALDA ROAD, ITAWA, KOTA (RAJ.) 325004

Affiliated to Kota University, Kota)

NAME OF THE PROGRAM: -

ATTENDANCE LIST

Date:

| Sr.no. | Name of Students | Class | Signature |
|---|---|---|---|
| 28 | Tanu Meena | BSC Bed Sem I | तनु मीणा |
| 29 | Khushi meena | BA Sem. I | खुशी मीणा |
| 30 | Sheetal meena | BA Sem. I | शीतल मीणा |
| 31 | Ritika Dhakad | B.A Bed sem V | Ritika Dhakad |
| 32 | Shivani prajapati | B.A Bed sem V | shivani |
| 33 | Pooja meena | B.A. B.Ed 3 III | पूजा |
| 34 | Alfiya Ansari | B.S.C sem I | Alfiya Ansari |
| 35 | Devendra Kumar | Bsc b.ed Ist sem | [signature] |
| 36 | Maya Meena | B.A I sem | Maya Meena |
| 37 | Divyansh Meena | B.A III rd | Divyansh |
| 38 | लक्ष्मी मीणा | B.A. III rd | laxmi |
| 39 | निकिता मीणा | B.A V | निकिता मीणा |
| 40 | Kartik meena | B.A I | Kartik |
| 41 | रेणु कुमारी मीणा | Bsc V | रेणु मीणा |
| 42 | Aditya Meena | BScBed III sem | Aditya meena |
| 43 | Girish Damor | Bsc.Bed III sem | गिरिश |
| 44 | RAKESH | BSc III Sem | Rakesh |
| 45. | Koshal Gochar | BSC III SEM | Koshal |
| 46 | पुनीत बैरवा | Bsc III Sem | [signature] |
| 47 | Mohit Nagar | BSC III sem | Mohit Nagar |
| 48 | Gaurav verma | BSC III rd sem | Gaurav |
| 49 | Mahima Suman | B.Sc B.ed III sem | Mahima |
| 50 | Kareena | B.Sc III rd Sem | Kareena |
| 51 | Teena Gauttam | B.SC III rd Sem | Teena Gauttam |
| 52 | Shivani Bairwa | B.sc. III rd SEM | Shivani |
| 53 | Payal Mahawar | Bsc III rd sem | पायल महावर |
| 54 | Teena Gauttam | B.Sc B.Ed III Sem | Teena |

Principal
Astha Mahavidhyalaya
Itawa Kota (Raj.)